भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

05 अप्रैल 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा थौबल (मणिपुर) और मोरीगांव (असम) में आयोजित विशाल जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

देश का कोना-कोना मोदी-मोदी के नारे से गुंजायमान हो रहा है। यह सिद्ध करता है कि अबकी बार 2014 से भी अधिक बहुमत के साथ श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाले हैं। असम और मणिपुर सहित पूरे पूर्वोत्तर में भी भारतीय जनता पार्टी भारी जीत हासिल करने जा रही है

****

जब कांग्रेस आतंकवाद का कड़ा मुकाबला नहीं कर सकती, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब नहीं दे सकती, देश का विकास नहीं कर सकती, पूर्वोत्तर के साथ न्याय नहीं कर सकती तो फिर कांग्रेस को वोट क्यों?

****

14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग की तुलना में पूर्वोत्तर के राज्यों को विकास के लिए लगभग 258% अधिक राशि प्रदत्त की है। आजादी के 70 सालों में पूर्वोत्तर के विकास के लिए कांग्रेस की सरकारों ने जितना किया, उससे कहीं अधिक केवल पांच वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है

****

पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को रोड, रेल, एयर और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से जोड़ना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 2022 तक पूर्वोत्तर के सारे राज्य सड़क, रेल और वायुमार्ग से जुड़ जायेंगे

****

कांग्रेस की सरकार में मणिपुर में जहां एक साल में 160 दिनों तक ब्लॉकेज रहा करता था, वहीं भारतीय जनता पार्टी सरकार में आज यहाँ अमन-चैन है। भाजपा के शासन में आज मणिपुर सहित पूरा उत्तर-पूर्व ब्लॉकेज, भ्रष्टाचार और आतंकवाद से मुक्त होकर विकास के नए आयाम स्थापित स्थापित कर रहा है

****

इबोबी सिंह (कांग्रेसी मुख्यमंत्री) ने मणिपुर की धरती, पानी, दवाइयां भी बेच दी, यहाँ तक कि मणिपुर के एक प्रसिद्ध झील को भी समाप्त कर दिया। इबोबी सिंह ने भाई को भाई और पहाड़ को खाई से लड़ा कर मणिपुर में अराजकता फैलाने का पाप किया लेकिन आज मणिपुर एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित हो रहा है

****

'गो टू हिल्स' और 'गो टू विलेज' योजना के तहत मणिपुर के 2700 गाँवों में से लगभग 2630 गाँवों से संपर्क स्थापित किया गया है। महिलाओं के लिए अलग से फास्ट ट्रैक कोर्ट मंजूर किया गया है।

****

राजीव गाँधी जी ने 1985 में असम एकॉर्ड किया था जिसमें असम की अस्मिता, भाषा, संस्कृति और स्थानीय जन-प्रतिनिधित्व के लिए क्लॉज 6 जोड़ा गया लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया

****

मोदी सरकार ने क्लॉज 6 पर अमल के लिए एक कमिटी का गठन किया है जिसकी रिपोर्ट जल्द ही आने वाली है। इसके आधार पर हम क्लॉज 6 को जमीन पर उतारने का काम करेंगे

****

मनमोहन सिंह जी 10 वर्षों तक कांग्रेस की यूपीए सरकार में देश के प्रधानमंत्री रहे। मैं राहुल गाँधी को चुनौती देता हूँ कि वे असम की जनता को बताएं कि 10 वर्षों में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने असम के लिए क्या किया, असम की जनता आपसे हिसाब मांग रही है।

****

एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में उत्साह का माहौल था लेकिन दो जगहों पर मातम भी मनाया जा रहा था - एक तो पाकिस्तान में और दूसरा कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के दफ्तरों में

****

राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकवादियों से बात क्यों नहीं करते, पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करते? पित्रोदा जी, आतंकवादियों के साथ बातचीत और दोस्ती आपकी और राहुल गाँधी की नीति हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। यह न्यू इंडिया है, आतंकियों को उसी की भाषा में जवाब मिलेगा और करारा जवाब मिलेगा

****

कांग्रेस पार्टी के साथी उमर अब्दुल्ला की मांग है कि कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री होना चाहिए। अब्दुल्ला जी, अभी तो सरकार में हैं, यदि विपक्ष में भी हम रहेंगे तो भी हम जम्मू-कश्मीर में ऐसा नहीं होने देंगे। राहुल गाँधी जवाब दें कि वे उमर अब्दुल्ला के एक देश में दो-दो प्रधानमंत्री वाले बयान का समर्थन करते हैं या नहीं

****

कांग्रेस की सहयोगी पार्टी एनसी के एक और प्रत्याशी ने खुलेआम 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए लेकिन राहुल गाँधी चुप क्यों हैं? राहुल गाँधी, आप स्पष्ट करें कि आपका इस बयान के साथ हैं या नहीं

****

मैं राहुल गाँधी से कई महीनों से पूछ रहा हूँ कि आपके ठगबंधन का पीएम पद का उम्मीदवार कौन है लेकिन वे बता ही नहीं रहे। जो लोग अपने गठबंधन का नेता नहीं तय कर पाए, वे देश का नेतृत्व क्या कर पायेंगे?

****

मैं असम की जनता को आश्वस्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि आप एक बार फिर से केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत राजग सरकार बना दीजिये, हम एक-एक घुसपैठिये को असम से चुन-चुन कर निकालेंगे

****

70 साल में कांग्रेस सरकार ब्रह्मपुत्र नदी पर केवल तीन ब्रिज ही बना सकी जबकि मोदी सरकार ने पांच साल में ही पांच ब्रिज का काम शुरू हो गया

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज मणिपुर के थौबल और असम के मोरीगांव में आयोजित विशाल जन-सभाओं को संबोधित किया और असम और मणिपुर को आजादी के 70 साल तक विकास से महरूम रखने का पाप करने के लिए कांग्रेस पार्टी पर जबरदस्त हमला बोला।

श्री शाह ने कहा कि **देश का कोना-कोना मोदी-मोदी के नारे से गुंजायमान हो रहा है। यह सिद्ध करता है कि अबकी बार 2014 से भी अधिक बहुमत के साथ श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाले हैं। असम और मणिपुर सहित पूरे पूर्वोत्तर में भी भारतीय जनता पार्टी भारी जीत हासिल करने जा रही है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आज देश में एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की देशभक्तों की टोली है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस एंड कंपनी का महामिलावटी ठगबंधन जिसका कोई नेता ही नहीं है। मैं राहुल गाँधी से कई महीनों से पूछ रहा हूँ कि आपके ठगबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन है लेकिन वे बता ही नहीं पा रहे। जो लोग अपने गठबंधन का कोई नेता नहीं तय कर पाए, वे देश का नेतृत्व क्या कर पायेंगे?**

श्री शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाये हैं। राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने वर्षों से लंबित एनआरसी को लागू कर घुसपैठियों को चिह्नित करने का बड़ा काम किया है। **मैं असम की जनता को आश्वस्त करते हुए कहना चाहता हूँ कि आप एक बार फिर से केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत राजग सरकार बना दीजिये, हम एक-एक घुसपैठिये को असम से चुन-चुन कर निकालेंगे।** उन्होंने कहा कि **जब राजीव गाँधी जी ने 1985 में असम एकॉर्ड किया था तो इसमें क्लॉज 6 जोड़ा गया जो असम की अस्मिता, भाषा, संस्कृति और स्थानीय जन-प्रतिनिधित्व के लिए था हालांकि कांग्रेस की सरकारों ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया। मोदी सरकार ने क्लॉज 6 पर अमल के लिए एक कमिटी का गठन किया है जिसकी रिपोर्ट जल्द ही आने वाली है। इसके आधार पर हम क्लॉज 6 को जमीन पर उतारने**

का काम करेंगे। इतना ही नहीं, असम में राइनो का शिकार करने वाले आज जेल की सलाखों के पीछे हैं। काजीरंगा को घुसपैठियों से मुक्त बनाया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **14वें वित्त आयोग में मोदी सरकार ने कांग्रेस की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग की तुलना में पूर्वोत्तर के राज्यों को विकास के लिए लगभग 258% अधिक राशि प्रदत्त की है।** उन्होंने कहा कि **पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को रोड, रेल, एयर और आईटी कनेक्टिविटी से जोड़ना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 2022 तक पूर्वोत्तर के सारे राज्य सड़क, रेल और वायुमार्ग से जुड़ जायेंगे।**

श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में असम के लिए लगभग 2,94,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की जबकि कांग्रेस ने 13वें वित्त आयोग के पांच वर्ष में केवल 50 हजार करोड़ रुपये ही आवंटित किये थे।** इसके अतिरिक्त केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने 43 रेलवे योजनाओं के लिए लगभग 90 हजार करोड़, नेशनल हाइवे के लिए लगभग 15,000 करोड़ और ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 8000 करोड़ रुपये असम को दिए। साथ ही, एम्स और स्मार्ट सिटी भी असम को देने का काम मोदी सरकार ने किया है। **आजादी के 70 सालों में पूर्वोत्तर के विकास के लिए कांग्रेस की सरकारों ने जितना किया, उससे कहीं अधिक केवल पांच वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और श्री सर्बानंद सोनोवाल और श्री हेमंता बिस्वशर्मा ने किया है।** उन्होंने कहा कि **40-40 वर्षों तक NEC (North-East Council) की बैठक नहीं हुई थी। जनता पार्टी की सरकार के समय प्रधानमंत्री श्री मोरारजी देसाई भाई के बाद पहली बार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शिलोंग में NEC की बैठक की।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **70 साल में कांग्रेस सरकार ब्रह्मपुत्र नदी पर केवल तीन ब्रिज ही बना सकी जबकि मोदी सरकार ने पांच साल में ही पांच ब्रिज का काम शुरू हो गया।** बोगीबिल और ढोला सदिया ब्रिज को देखने तो दुनिया भर से लोग आते हैं। मुद्रा योजना के तहत असम के 34 लाख लोगों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया, जन-धन योजना के तहत 1।48 लाख लोगों के बैंक खाते खोले गए, हजारों घरों में बिजली पहुंचाई गई, लगभग 38 लाख एलईडी वितरित किया गया, 28 लाख महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया, लगभग 33 लाख शौचालयों का निर्माण कराया गया और लगभग 1600 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह असम से ही 20 सालों तक राज्य सभा सांसद रहे लेकिन इन 20 वर्षों में उन्होंने प्रदेश की जनता के लिए क्या किया, असम की जनता इसका हिसाब मांग रही है। मनमोहन सिंह जी 10 वर्षों तक कांग्रेस की यूपीए सरकार में देश के प्रधानमंत्री रहे। मैं राहुल गाँधी को चुनौती देता हूँ कि वे असम की जनता को बताएं कि 10 वर्षों में कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार ने असम के लिए क्या किया, असम की जनता आपसे हिसाब मांग रही है।**

मणिपुर में जन-सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की सरकार में मणिपुर में जहां एक साल में 160 दिनों तक ब्लॉकेज रहा करता था, वहीं भारतीय जनता पार्टी सरकार में आज यहाँ अमन चैन है। भारतीय जनता पार्टी के शासन में आज मणिपुर ब्लॉकेज-मुक्त, भ्रष्टाचार-मुक्त और आतंकवाद-मुक्त होकर विकास के नए आयाम स्थापित स्थापित कर रहा है।** उन्होंने कहा कि **केंद्र से मणिपुर के विकास के लिए जो भी पैसा भेजा जाता था, उसे कांग्रेस के मुख्यमंत्री खा जाते थे। इबोबी सिंह (कांग्रेसी मुख्यमंत्री) ने मणिपुर की धरती, पानी, दवाइयां भी बेच दी, यहाँ तक कि मणिपुर के एक प्रसिद्ध झील को भी समाप्त कर दिया।** उन्होंने कहा कि **इबोबी सिंह ने भाई को भाई और पहाड़ को खाई से लड़ा कर मणिपुर में अराजकता फैलाने का पाप किया लेकिन आज मणिपुर इन सभी चीजों को पीछे छोड़ कर एक मॉडल स्टेट में विकसित हो रहा है।** श्री बीरेन जी ये सारे काम इसलिए कर पाए क्योंकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी चट्टान की तरह मणिपुर की जनता के साथ खड़े हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आज पूरा देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक स्वर में बोल रहा है - हाँ, मैं भी चौकीदार हूँ लेकिन मणिपुर में हमारे मुख्यमंत्री श्री बीरेन सिंह तो सचमुच में चौकीदार थे, वे तो बीएसएफ में सिपाही रह चुके हैं और इनकी चौकीदारी में मणिपुर पूर्णतः सुरक्षित है।**

श्री शाह ने कहा कि मणिपुर खिलाड़ियों की भूमि है। मैरी कॉम के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए देश **का सबसे पहला नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी शुरू करने का काम भाजपा सरकार ने ही किया है। जीरीबाम इम्फाल रेलवे पर श्रद्धेय श्री अटल बिहार वाजपेयी जी के कार्यकाल में कार्य शुरू हुआ था, लेकिन कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों के दौरान इस पर कोई प्रगति नहीं हुई। 2021 से पहले-पहले जीरीबाम इम्फाल रेलवे का काम भारतीय जनता पार्टी पूरा कर लेगी। नौनी में भारतीय जनता पार्टी सरकार विश्व का सबसे बड़ा गार्डन ब्रिज बना रही है जिसे देखने दुनिया भर से लोग आयेंगे।** पिछले चार साल में लगभग 300 किलोमीटर हाइवे का निर्माण कार्य मणिपुर में हुआ है। उड़ान योजना के तहत पांच हैलीपैड बना कर खाई से पहाड़ और पहाड़ से खाई में जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इम्फाल एयरपोर्ट का एक्सपेंशन और एयरपोर्ट कार्गो टर्मिनल का विकास किया गया है। राज्य की चन्डेल डिस्ट्रिक्ट को एस्पिरेशन डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है। सिलचर-इंफाल 400 केवी डबल सर्किट का काम शुरू हो चुका है। स्टार्ट-अप योजना के तहत राज्य के 500 युवाओं को स्टार्ट-अप योजना शुरू करने में मदद दी गई है, इसके दूसरे चरण में मणिपुर के 500 और युवाओं को स्टार्ट-अप शुरू करने में मदद दी जायेगी। **'गो टू हिल्स' और 'गो टू विलेज' योजना के तहत मणिपुर के 2700 गाँवों में से लगभग 2630 गाँवों से संपर्क स्थापित किया गया है। महिलाओं के लिए अलग से फास्ट ट्रैक कोर्ट मंजूर किया गया है। यदि मणिपुर के खिलाड़ी दूसरे देश से मैडल जीत कर आते हैं तो अब राज्य के खिलाड़ियों को 8 लाख की जगह 15 लाख रुपये मिलेंगे।** खेलों को बढ़ावा देने के लिए मणिपुर में हॉकी स्टेडियम और एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल की नींव रखी गई है। उज्ज्वला योजना के तहत राज्य की लगभग 1.3 लाख महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला है। साथ ही, राज्य के लगभग 316 गाँवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत देश के 50 करोड़ गरीब लोगों के लिए पांच लाख रुपये प्रतिवर्ष तक की स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराई गई है जिसके तहत लगभग 20 लाख लोग तीन महीने में ही लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री किसान

सम्मान निधि के तहत देश के 12 करोड़ से अधिक किसानों को कृषि सहायता के तौर पर लगभग 6,000 रुपया प्रतिवर्ष दिया जा रहा है जिसकी 2,000 रुपये की पहली किस्त देश के करोड़ों किसानों तक पहुंचा दी गई है। सामान्य वर्ग के छात्रों को शिक्षा और नौकरी में अलग से 10% आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।

श्री शाह ने कहा कि आजादी से लेकर आज तक के दौरान केंद्र में ज्यादातर समय कांग्रेस की ही सरकारें रही लेकिन कांग्रेस की सरकारों के दौरान आतंकवादियों में कोई खौफ नहीं था। आये दिन आतंकवादी हमले होते रहते थे और कांग्रेस सरकार एक स्टेटमेंट देकर चुप बैठ जाया करती थी। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को बदलने का काम मोदी सरकार ने किया है। आज आतंकवादियों को उसी की भाषा में उसके घर में घुस कर जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि **पहले आतंकवादियों पर सर्जिकल स्ट्राइक और अब एयर स्ट्राइक से हिंदुस्तान ने पूरी दुनिया को संदेश दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा में कोई भी कदम उठा सकता है।** उन्होंने कहा कि **एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में उत्साह का माहौल था लेकिन दो जगहों पर मातम भी मनाया जा रहा था - एक तो पाकिस्तान में और दूसरा कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के दफ्तरों में।** मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर इन लोगों को एयरस्ट्राइक से क्या परेशानी है? उन्होंने राज्य की जनता से सवाल करते हुए कहा कि क्या हमारे जवानों पर हमला करने वाले आतंकियों पर बम गिरा कर ख़त्म नहीं करना चाहिए? सभा में उपस्थित जनसैलाब ने एकमत से एयरस्ट्राइक का समर्थन किया। **राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकवादियों से बात क्यों नहीं करते, पाकिस्तान से बात क्यों नहीं करते?** कुछ लोगों के कारण पाकिस्तान को कठघरे में क्यों खड़ा कर रहे हो? **पित्रोदा जी, आतंकवादियों के साथ बातचीत और दोस्ती आपकी और राहुल गाँधी की नीति हो सकती है, भारतीय जनता पार्टी की नहीं। यह न्यू इंडिया है, आतंकियों को उसी की भाषा में जवाब मिलेगा और करारा जवाब मिलेगा।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी के साथी उमर अब्दुल्ला की मांग है कि कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री होना चाहिए। अब्दुल्ला जी, अभी तो सरकार में हैं, यदि विपक्ष में भी हम रहेंगे तो भी हम जम्मू-कश्मीर में ऐसा नहीं होने देंगे। राहुल गाँधी जवाब दें कि वे उमर अब्दुल्ला के एक देश में दो-दो प्रधानमंत्री वाले बयान का समर्थन करते हैं या नहीं।** श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की सहयोगी पार्टी एनसी के एक और प्रत्याशी ने खुलेआम 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए लेकिन राहुल गाँधी चुप क्यों हैं? राहुल गाँधी, आप स्पष्ट करें कि आपका इस बयान के साथ हैं या नहीं।** श्री शाह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि **जब कांग्रेस पार्टी आतंकवाद का कड़ा मुकाबला नहीं कर सकती, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब नहीं दे सकती, देश का विकास नहीं कर सकती, पूर्वोत्तर के साथ न्याय नहीं कर सकती तो फिर कांग्रेस को वोट क्यों?**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव